gradeup

Prep Smart. Score Better.

साप्ताहिक वन लाइनर्स

8-14 मई 2019

MUMBAI INDIANS

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

8-14 मई 2019

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **दुसरे सप्ताह** (8-14) मई 2019 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है यह फ़ाइल **बैंकिंग साक्षात्कार** और आगामी **बैंकिंग परीक्षा** के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. वित्त वर्ष 2019 की दूसरी छमाही में अपने मूल संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (SBI) सहित कई वित्तीय संस्थानों से **700 करोड़ रुपये** किसने जुटाए ____ **SBI कार्ड।**

   नोट:

   - SBI कार्ड और पेमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (SBI कार्ड) ने 9.15% कूपन पर अपरिवर्तनीय ऋण-पत्र (NCD) जारी करके ICICI सिक्योरिटीज प्राइमरी डीलरशिप लिमिटेड से 100 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक से 250 करोड़ रुपये और केनरा बैंक तथा एक्सिस बैंक से दोनों से 50 करोड़ रुपये जुटाए।
   - कंपनी ने एक अन्य 9.55% के कूपन के माध्यम से एक्सिस बैंक से 250 करोड़ रुपये जुटाए।

2. हांगकांग की सूचीबद्ध सी बैनर इंटरनेशनल होल्डिंग्स से एनर्जी टू-टेलीकॉम समूह ब्रिटिश **टॉय रिटेलर हैम्लेज** का अधिग्रहण किसने किया___ **रिलायंस इंडस्ट्रीज (मुकेश अंबानी)।**

   नोट:

   - रिलायंस इंडस्ट्रीज धीरे-धीरे अपने खुदरा और टेलीकॉम उपक्रमों के माध्यम से एक उपभोक्ता का सामना करने वाली कंपनी में बदल रही है।
   - हैम्लेज (वर्ष 1760 में स्थापित) सेंट्रल लंदन में दुनिया भर में पहचाने जाने वाले अपने प्रमुख रीजेंट स्ट्रीट स्टोर के साथ वयस्कों और बच्चों के लिए पुरानी यादों की संवेदनाओं के साथ जीवंतता लाता है।

3. बाजार पूंजीकरण (market-cap) के मामले में भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी ___ **टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS)।**

   नोट:

   - TCS (8.13 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण) के बाद RIL (7.95 लाख करोड़ रुपये), HDFC बैंक (6,24,362.11 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनीलीवर (3,67,880.69 करोड़ रुपये) और ITC (3,67,513.78 करोड़ रुपये) हैं।
   - कंपनियों के बाजार पूंजीकरण का आंकड़ा स्टॉक मूल्य में परिवर्तन के साथ प्रतिदिन बदलता है।
   - टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (TCS) एक भारतीय बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (IT) सेवा और परामर्श कंपनी है जिसका मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में है।

4. **मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** वर्ष के प्रत्येक माह की छठी तारीख को किस रूप में मनाएगी ______ **संरक्षण दिवस।**

   नोट:

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- दिवस का उद्देश्य वित्तीय सुरक्षा की अवधारणा के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- इस पहल के एक हिस्से के रूप में, मैक्स लाइफ के नेटवर्क में कई तरह की पहल शुरू की जाएगी।
- कंपनी एक "सुपर कस्टमर वीक" भी चलाएगी, जहां बोर्ड के ग्राहकों को वित्तीय सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में शिक्षित किया जाएगा।

5. बैंक के कुछ ऋण जोखिम में त्वरित क्रेडिट माइग्रेशन का हवाला देते हुए यस बैंक की दीर्घकालिक रेटिंग नकारात्मक दृष्टिकोण के साथ घटाकर 'IND AA+' से 'IND AA-' किसने की _____ **इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (Ind-Ra)।**

नोट:

- यह अनुमान है कि निजी ऋणदाता को अगले दो वित्तीय वर्षों में 7,500-8,000 करोड़ रुपये की इक्विटी जुटाने की आवश्यकता होगी।
- नकारात्मक दृष्टिकोण एजेंसी की लाभप्रदता और पूंजीगत बफर के अनुमानित नकारात्मक जोखिमों को दर्शाता है जो कुछ तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के समाधान में पर्याप्त देरी से उत्पन्न हो सकते हैं।
- यस बैंक ने मार्च, 2019 की तिमाही में 1,506 करोड़ रुपये के अपने पहले नुकसान की भी सूचना दी थी, जो प्रावधानों में लगभग 10 गुना वृद्धि से संचालित था।

6. भारत का पहला फिनटेक **स्टार्ट-अप** जिसने एक नए ऐप के साथ व्यापारी सेवाओं में अपने सशक्त प्रयास की घोषणा की_____**भारत पे।**

नोट:

- भारत पे अंत:प्रचलित UPI QR कोड के माध्यम से व्यापारियों के लिए भुगतान सक्षम बनाएगा।
- एप्लिकेशन व्यापारियों को ग्राहक-वार नकद/क्रेडिट (उधर) बिक्री हिसाब को रिकॉर्ड करने, SMS भुगतान लिंक के माध्यम से ग्राहकों से स्वीकार्य खातों का अनुरोध करने और अन्य सेवाओं के साथ आपूर्तिकर्ताओं को देय खातों पर नजर रखने की अनुमति देता है।
- भारत पे ऐप व्यापारियों को अन्य निकटतम भारत पे व्यापारियों के साथ जुड़ने के लिए एक नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के रूप में भी कार्य करता है।

7. **सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय** के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष अप्रैल में **खुदरा मुद्रास्फीति** में मामूली वृद्धि के साथ यह कितनी हो गई है _____ **2.92%.**

नोट:

- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) पर आधारित मुद्रास्फीति पिछले महीने में 2.86% और अप्रैल में 4.58% थी।
- केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) के आंकड़ों के अनुसार खाद्य सामानों में मुद्रास्फीति इस वर्ष मार्च महीने में 0.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ पिछले महीने 1.1% थी।

8. ऑनलाइन ट्रैवल बुकिंग पोर्टल Goibibo के साथ ब्रांडेड मल्टी करेंसी कार्ड शुरू करने की घोषणा किसने की _____ **ICICI बैंक।**

नोट:

- कार्ड में Goibibo की ओर से 15,000 रुपये के गिफ्ट वाउचर सहित 20,000 रुपये तक के लाभ भी शामिल हैं।

9. कृषि और ग्रामीण केंद्रित स्टार्टअप में इक्विटी निवेश के लिए 700 करोड़ रुपये के उद्यम पूंजी कोष की घोषणा किसने की _____**नाबार्ड।**

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

नोट:

- नाबार्ड अब तक अन्य कोष में योगदान दे रहा है और यह पहली बार है कि ग्रामीण विकास बैंक ने स्वयं का एक कोष शुरू किया है।
- कोष का अधिक प्रभाव होगा क्योंकि यह कृषि, खाद्य और ग्रामीण आजीविका के सुधार के मुख्य क्षेत्रों में निवेश पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा।

श्रद्धांजलियां

1. प्रख्यात लेखक और शिक्षाविद जिनका एक अस्पताल में निधन हो गया _____ **मारमराजू सत्यनारायण राव।**

   नोट:

   - श्री राव ने अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर और रजिस्ट्रार के रूप में कार्य किया।
   - उनका जन्म तेलंगाना के महबूबाबाद जिले के जयराम गांव में हुआ था।

2. वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज जिनका लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया __ **सेमोर नर्स।**

   नोट:

   - उन्होंने वर्ष 1960 और 1969 के बीच 29 टेस्ट खेले और 47.60 की औसत से 2523 रन बनाए।
   - बारबाडोस के मध्य क्रम के बल्लेबाज ने 141 प्रथम श्रेणी मैचों में 43.93 के औसत से 9489 रन बनाए।

3. पूर्व बिलियर्ड्स खिलाड़ी, कोच और प्रबंधक जिनका मुंबई में निधन हो गया___ **डेरेक सिप्पी।**

   नोट:

   - उन्होंने BSAM में विभिन्न पदों पर कार्य किया और कई वर्षों तक इसके सचिव रहे।
   - वह हाल ही में चंडीगढ़ में संपन्न एशियाई अंडर -21 बॉयज स्नूकर और एशियाई महिला स्नूकर टूर्नामेंट में भारतीय टीम के कोच थे।

4. विभाजन के प्रथम इतिहासकार जिनका चंडीगढ़ में निधन हो गया___ **प्रोफेसर कृपाल सिंह।**

   नोट:

   - प्रोफेसर सिंह ने वर्ष 1954 में एक लेखाकार का निर्माण शुरू किया।
   - उन्होंने वर्ष 1953 में खालसा कॉलेज, अमृतसर में एक युवा प्रवक्ता के रूप में विभाजन के इतिहास लेखन में अपना सफर शुरू किया।
   - वर्ष 1962 में एक समय आया जब तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों ने उन्हें पंजाब से संबंधित कागजात एकत्र करने के लिए यू.के. भेजने की पेशकश की।

5. आधुनिक कानूनी शिक्षा के जनक जिनका निधन हो गया___ **प्रोफेसर एन.आर. माधव मेनन।**

   नोट:

   - उन्हें नेशनल लॉ स्कूलों की स्थापना के मार्ग प्रशस्तिकरण द्वारा भारतीय कानूनी शिक्षा का चेहरा बदलने के लिए जाना जाता है।
   - उन्हें पूर्व के 3-वर्षीय पाठ्यक्रम के स्थान पर पांच वर्षीय समेकित LLB पाठ्यक्रम की अवधारणा का श्रेय दिया जाता है।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- मेनन को लोक सेवाओं में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2003 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।
- यूनिवर्सल लॉ पब्लिशर्स, दिल्ली (2010) द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'टर्निंग प्वाइंट' प्रोफेसर मेनन के जीवन और कार्यों पर लिखी गई है।

6. प्रसिद्ध उपन्यासकार और **साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता** जिनका उनके आवास पर निधन हो गया___ **थोप्पिल मोहम्मद मीरान।**

नोट:

- मोहम्मद मीरान ने वर्ष 1988 और 2011 के बीच ओरु कदलौरा ग्राममथिन कथई, थुरईमुगम, कूनन थोप्पु, साईवु नरककाली और अंजू वनाम थेरु उपन्यास लिखे।
- उन्हें **साहित्य अकादमी पुरस्कार** (1997) और **तमिलनाडु कलई इलैक्किया पेरूमंत्रम पुरस्कार** (1992) सहित 8 पुरस्कार प्रदान किए गए।

7. प्रसिद्ध अर्थशास्त्री जिनका वृद्धावस्था से संबंधित समस्याओं के कारण निधन हो गया ___ **बैद्यनाथ मिश्रा।**

नोट:

- मिश्रा ने वर्ष 1949 में कटक में **रावेनशॉ विश्वविद्यालय** में प्रवक्ता के रूप में अपना करियर शुरू किया था।
- बैद्यनाथ मिश्रा ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति (वर्ष 1981 से 1985 तक) और राज्य योजना बोर्ड (वर्ष 1985 से 1990) के अध्यक्ष थे
- वह वर्ष 1985 से 1990 तक राज्य योजना बोर्ड के अध्यक्ष थे।

8. बंगाली सिनेमा की अनुभवी फिल्म एवं टीवी अभिनेता, जिनका कैंसर और यकृत की समस्याओं के कारण निधन हो गया _____ **मृणाल मुखर्जी।**

नोट:

- मुखर्जी ने बंगाली फिल्म उद्योग के साथ-साथ बंगाली टीवी धारावाहिकों और सिनेमाघरों में भी पांच दशकों तक कार्य किया।

9. भारत में 'विधि अभिनय के अग्रदूत' जिनका मुंबई में निधन हो गया_____**रोशन तनेजा।**

नोट:

- रोशन तनेजा ने कई हिंदी फिल्म अभिनेताओं जैसे शबाना आज़मी, नसीरुद्दीन शाह, जया बच्चन और अनिल कपूर को अभिनय सिखाया।
- वह पहले पुणे में भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (FTII) और बाद में मुंबई में अपने निजी विद्यालय, रोशन तनेजा स्कूल ऑफ एक्टिंग में प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर रहे थे।

10. ITC में सबसे लंबे समय तक कार्य करने वाले कॉर्पोरेट प्रमुख जिनका गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया___ **वाई.सी देवेश्वर।**

नोट:

- देवेश्वर ने कार्यकारी पद (4 फरवरी 2017 को) से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन गैर-कार्यकारी पद पर एक अध्यक्ष के रूप में बने रहे, ITC की विविधता को एक FMCG कंपनी तक पहुंचाया।
- वर्ष 2011 में, देवेश्वर को भारत का तीसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'पद्म भूषण' प्रदान किया गया।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- जून, 2018 में, ITC समूह ने गैर-कार्यकारी अध्यक्ष वाई.सी. देवेश्वर के कार्यकाल को वर्ष 2020 से 2022 तक दो वर्ष के लिए बढ़ाने का फैसला किया।

11. अनुभवी भोजपुरी गायक कलाकार जिनका वाराणसी, उत्तर प्रदेश में निधन हो गया __ **हीरालाल यादव।**

नोट:

- वह 'बिरहा' शैली के एक प्रसिद्ध भोजपुरी लोक गायक थे।
- उन्होंने जनवरी, 2019 में, पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त किया।
- वर्ष 2015 में, उन्हें संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए यश भारती पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

12. प्रख्यात अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल जिनका निधन हो गया __ **पेगी लिप्टन।**

नोट:

- वह ABC काउंटरकल्चर टेलीविजन श्रृंखला में फ्लावर चाइल्ड 'जूली बर्न्स' के रूप में अपनी भूमिका के माध्यम से प्रसिद्ध हुई थी।
- उन्होंने मॉड स्क्वाड (1968-1973) टीवी प्रोग्राम किया जिसके लिए उन्होंने वर्ष 1970 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - टेलीविजन श्रृंखला ड्रामा के लिए गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता।

महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व रेड क्रॉस दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है ______**8 मई।**

   नोट:

   - **'हेनरी ड्यूनेंट'** रेड क्रॉस के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (ICRC) के संस्थापक हैं।
   - यह दिवस उन लोगों को समर्पित है जो खाद्य की कमी, प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध के साथ-साथ महामारी वाले रोगों से पीड़ित हैं।
   - विश्व रेड क्रॉस दिवस 2019 का विषय **"#love"** या केवल **"love"** है।

2. पूरे पश्चिम बंगाल में **गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर** की कौन सी जयंती मनाई गई_____**158वीं।**

   नोट:

   - रवींद्र नाथ टैगोर ने 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में प्रासंगिक आधुनिक शैली के साथ बंगाली साहित्य और संगीत सहित भारतीय कला का पुनरुत्थान किया।
   - पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुदेव टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आज दोपहर कोलकाता में एक विशेष संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया है।
   - रवींद्रनाथ टैगोर गीतांजलि की "गहन संवेदनशील, निर्मल और सुंदर कविता" के लेखक थे।

3. पांचवां संयुक्त राष्ट्र (UN) **वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह** आयोजित किया गया ______ **6 से 12 मई 2019 तक।**

   नोट:

   - वर्ष 2019 में साप्ताहिक कार्यक्रम का विषय "Leadership for road safety" है।
   - संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह और इसके अभियानों का संचालन विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा सहकार्यता द्वारा किया जाता है।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

4. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस भारत में हर वर्ष मनाया जाता है _____**11 मई।**

नोट:

- 11 मई, 1998 को, भारत ने एयरोस्पेस इंजीनियर और स्वर्गीय राष्ट्रपति **डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम** के नेतृत्व में भारतीय सेना के पोखरण परीक्षण रेंज (राजस्थान में) से **शक्ति -1** परमाणु मिसाइल का सफल परीक्षण किया था।
- भारत ने 11 मई और 13 मई, 1998 को राजस्थान के पोखरण परीक्षण रेंज में पांच भूमिगत परमाणु परीक्षण किए थे।
- मई, 1974 में **'स्माइलिंग बुद्धा'** नामक कोड के साथ पहला परमाणु परीक्षण पोखरण में किया गया था।

5. विश्व प्रवासी पक्षी दिवस (WMBD) दुनिया भर में मनाया जाता है _____**11 मई (मई में दूसरा सप्ताहांत)।**

नोट:

- यह दिवस प्रवासी पक्षियों और उनके आवासों की सुरक्षा हेतु जागरूकता फैलाने और उनकी आवश्यकता समझाने के लिए मनाया जाता है।
- इस वर्ष, WMBD 11 मई को मनाया गया।
- यह प्रवासी पक्षियों, उनके पारिस्थितिकीय महत्व, और उनके संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता में वैश्विक पहुंच और उनके खतरों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने में सहायता करने हेतु एक प्रभावी साधन है।

6. अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस (IND) एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है जो दुनिया भर में मनाया जाता है_____**12 मई।**

नोट:

- फ्लोरेंस नाइटिंगेल (आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक दार्शनिक) का जन्म 12 मई, 1820 को हुआ था।
- वर्ष 2019 का विषय 'Nurses – A Voice to Lead – Health for All' है।

7. मातृ दिवस मनाया गया ____**12 मई 2019 (मई का दूसरा रविवार)।**

नोट:

- यह माना जाता है कि एक मां और उसके बच्चे के बीच का संबंध सबसे मजबूत होता है, और मातृ दिवस उसी की सराहना करता है।

नई नियुक्तियां

1. ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म **'मिन्त्रा'** ने किन सेलिब्रिटी युगल को अपना पहला **ब्रांड एंबेसडर** नियुक्त किया ____ **विराट कोहली और अनुष्का शर्मा।**

नोट:

- मिन्त्रा ने 'Go Myntra-la-la' नाम से एक ब्रांड अभियान शुरू किया, जो ब्रांड के प्लेटफॉर्म पर फैशन के लिए खरीदारी के आनंदपूर्ण अनुभव प्रदान करता है।
- अभियान का विचार फैशन का ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव प्रदान करने के लिए मिन्त्रा के दृष्टिकोण से प्रेरित था।
- मिन्त्रा (स्थापित- 2007) एक भारतीय फैशन ई-कॉमर्स कंपनी है जिसका मुख्यालय बेंगलुरु, कर्नाटक, भारत में है।

2. अगले 5 वर्ष के कार्यकाल के लिए **इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड** (INCB) में पुन: किन्हें चुना गया ____ **जगजीत पवाड़िया।**

नोट:

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- सुश्री पवाड़िया वर्ष 2015 से INCB की सदस्य हैं और उनका वर्तमान कार्यकाल वर्ष 2020 में समाप्त होने वाला है।
- जगजीत पवाड़िया ने भारत सरकार में 35 वर्षों तक भारतीय राजस्व सेवा में कई वरिष्ठ पदों पर कार्य किया है, जिसमें भारतीय नारकोटिक्स आयुक्त, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो शामिल हैं।

3. व्यवसायी और राजनेता जिन्होंने अपने पक्ष में 33.27% मत हासिल करके **पनामा के राष्ट्रपति** पद का चुनाव जीता___ **लॉरेंटिनो कोर्टिजो।**

नोट:

- चूंकि पनामा में राष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्णायक मत मानदंड नहीं होते हैं, इसलिए अधिकतम मत जीतने वाला उम्मीदवार चुनाव में विजेता कहा जाता है, यहां तक कि उसे 50% मत प्राप्त हों या न हों।

4. 2019 के मैसेडोनिया के राष्ट्रपति पद के चुनाव में किसने जीत हासिल की _____ **स्टीवो पेंडरोवस्की।**

नोट:

- राष्ट्रपति को उत्तरी मैसेडोनिया का नागरिक होना चाहिए, उसकी आयु 40 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और वह पिछले पंद्रह वर्षों में से कम से कम दस वर्ष तक उत्तर मैसेडोनिया में रहा हो।
- उत्तरी मैसेडोनिया गणराज्य का राष्ट्रपति उत्तरी मैसेडोनिया राष्ट्र का प्रमुख होता है।

5. भारत और बांग्लादेश संयुक्त रूप से किसके जीवन पर आधारित एक फिल्म का निर्माण करेंगे _______ **बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान।**

नोट:

- फिल्म का निर्देशन भारत के फिल्म निर्माता **श्याम बेनेगल** द्वारा किया जाएगा।
- प्रसार भारती ने बांग्लादेश टीवी को शुल्क लिए बिना डीडी फ्री डिश प्लेटफॉर्म पर दिखाने का फैसला किया है।
- एक पारस्परिक संकेत के रूप में, बांग्लादेश प्रतिनिधिमंडल ने घोषणा की कि बांग्लादेश के DTH प्लेटफॉर्म पर जल्द ही दूरदर्शन चैनल दिखाया जाएगा।
- बांग्लादेश प्रतिनिधिमंडल ने बांग्लादेश में फिल्म की शूटिंग के लिए सुचारू रूप से रसद सुनिश्चित करने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

6. सर्वोच्च न्यायालय के **मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई** की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने केंद्र सरकार से शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के रूप में के किनके नामों की सिफारिश की **न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत।**

नोट:

- वर्तमान में, न्यायमूर्ति गवई बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं और न्यायमूर्ति कांत हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं।
- सर्वोच्च न्यायालय वर्तमान में 31 न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या के सम्मुख 27 न्यायाधीशों के साथ कार्य कर रहा है।

7. छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसने शपथ ग्रहण की ____ **न्यायमूर्ति पी.आर. रामचंद्र मेनन।**

नोट:

- न्यायमूर्ति पी.आर. रामचंद्र मेनन को छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित राज भवन में छत्तीसगढ़ की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शपथ दिलाई।
- वर्तमान में, वह केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की स्थापना 1 नवंबर, 2000 को मध्य प्रदेश राज्य के पुनर्गठन पर नए छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के साथ हुई थी।

8. बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने भारत में राष्ट्र निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया___ **एम. हरि मेनन।**

नोट:

- मेनन नचिकेत मोर की जगह लेंगे, जो पिछले तीन वर्षों से इस पद पर काबिज थे और पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था।
- 50.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर दान के साथ, गेट्स फाउंडेशन दुनिया का सबसे बड़ा निजी परोपकारी संगठन है और इसके कार्यालय दिल्ली और पटना में हैं।

9. BMC आयुक्त जो महाराष्ट्र के नए मुख्य सचिव होंगे ___ **अजॉय मेहता।**

नोट:

- सेवामुक्त मुख्य सचिव यू.पी.एस. मदान SICOM के अध्यक्ष होंगे और मुख्यमंत्री के सलाहकार भी होंगे।
- इस बीच, अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण परदेशी को BMC का नए अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा।
- मुख्य सचिव **भारतीय प्रशासनिक सेवा** (IAS) के सदस्य हैं जो राज्य सरकारों के प्रशासनिक प्रमुख होते हैं।

10. नाइजीरियाई प्रोफेसर जिन्हें **संयुक्त राष्ट्र महासभा** (UNGA) का **नया अध्यक्ष** नियुक्त किया गया __ **तिजानी मोहम्मद बंदे।**

नोट:

- बंदे संयुक्त राष्ट्र में नाइजीरिया के स्थायी प्रतिनिधि हैं।
- उन्होंने बोस्टन यूनिवर्सिटी, बोस्टन, मैसाचुसेट्स, अमेरिका (वर्ष 1981 में) से राजनीति विज्ञान में एम.ए. और टोरंटो यूनिवर्सिटी, कनाडा (वर्ष 1987 में) से राजनीति विज्ञान में पीएच.डी की डिग्री प्राप्त की है।
- वह वर्ष 2004 और 2009 के बीच उस्मान डैनफोडीयो यूनिवर्सिटी, सोकोतो के वाइस-चांसलर थे।

11. भारतीय अभिनेत्री जिन्हें संयुक्त राष्ट्र द्वारा महत्वाकांक्षी **सतत विकास लक्ष्यों** (SDG) के 17 सद्भावना दूतों में से एक नियुक्त किया गया ___ **दीया मिर्जा।**

नोट:

- 'SDG सद्भावना दूतों' का नया समूह संयुक्त राष्ट्र महासचिव **एंटोनियो गुटेरेस** द्वारा नियुक्त किया गया।
- यह समूह SDG के प्रति जागरूकता बढ़ाने, अधिक महत्वाकांक्षा को प्रेरित करने और शीघ्र कार्यवाही करने पर जोर देने के लिए प्रतिबद्ध होगा, जिसे 25 सितंबर, 2015 को वैश्विक नेताओं द्वारा अपनाया गया था।
- SDG सद्भावना दूतों की अध्यक्षता **नाना एडो डंकवा अकुफो-एडो** (घाना के राष्ट्रपति) और **एर्ना सोलबर्ग** (नॉर्वे की प्रधान मंत्री) द्वारा की जाएगी।

12. पूर्वोत्तर अफ्रीकी देश **इरीट्रिया में भारत के अगले राजदूत** के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया __ **श्री सुभाष चंद।**

नोट:

- वर्तमान में श्री सुभाष चंद भारतीय उच्चायोग, अबुजा में उप उच्चायुक्त हैं।
- इरीट्रिया की सीमा इथियोपिया, सूडान और जिबूती से लगी हुई हैं।
- राजदूत वह महत्वपूर्ण अधिकारी है जो किसी अन्य देश में अपने देश का प्रतिनिधित्व करता है, और उसे देश द्वारा इस पद पर आधिकारिक रूप से स्वीकार किया जाता है।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

13. ITC **लिमिटेड बोर्ड** द्वारा नियुक्त कंपनी के प्रबंध निदेशक (MD) और अध्यक्ष ____ **संजीव पुरी।**

नोट:

- श्री पुरी वर्ष 1986 में कंपनी में शामिल हुए और अपने पूर्व अधिकारियों की तरह पदोन्नत हुए।
- उन्हें वर्ष 2017 में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) और वर्ष 2018 में प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. पाकिस्तान के ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान **शाहिद अफरीदी** द्वारा विमोचित उनकी विवादास्पद आत्मकथा ___ **गेम चेंजर।**

नोट:

- इस पुस्तक के सह लेखक अफरीदी और पत्रकार वजाहत एस. खान हैं और यह पुस्तक हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा हार्पर स्पोर्ट मुहर के तहत प्रकाशित है।
- अफरीदी ने कहा कि उनका जन्म 1975 में हुआ था ना कि वर्ष 1980 में, जैसा कि आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज है।
- अफरीदी ने 27 टेस्ट, 398 एकदिवसीय और 99 T-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले और वर्ष 2017 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

2. दवा कंपनी **मर्क लिमिटेड** का परिवर्तित नाम ____ **प्रॉक्टर एंड गैंबल हेल्थ लिमिटेड।**

नोट:

- मर्क KGaA, जर्मनी के उपभोक्ता स्वास्थ्य व्यवसाय का P&G के वैश्विक अधिग्रहण के बाद नाम परिवर्तित किया गया है।
- कंपनी को मर्क लिमिटेड का नाम बदलकर प्रॉक्टर एंड गैंबल हेल्थ लिमिटेड करने के लिए कंपनी रजिस्ट्रार, मुंबई, महाराष्ट्र से मंजूरी मिल गई है।

3. **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे** (IIT बॉम्बे) के इंजीनियरों द्वारा विकसित एक माइक्रोप्रोसेसर _____ **AJIT.**

नोट:

- यह भारत में संकल्पित, डिजाइन किया गया, विकसित और निर्मित पहला माइक्रोप्रोसेसर है।
- इसका उपयोग एक सेट टॉप बॉक्स के अंदर ऑटोमेशन सिस्टम के लिए एक कंट्रोल पैनल के रूप में, ट्रैफिक लाइट कंट्रोलर या रोबोट सिस्टम में किया जा सकता है।
- इस प्रॉजेक्ट को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) और IIT बॉम्बे द्वारा वित्त पोषित किया गया था।
- मुंबई स्थित कंपनी 'पोवई लैब्स' ने इस उद्यम में निवेश किया, और वह उत्पाद का स्वामित्व, विपणन और समर्थन करेगी।
- पहले चरण में, AJIT को सरकार के स्वामित्व वाली सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला, चंडीगढ़ में निर्मित किया गया है।

4. उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने किस देश की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए_____ **वियतनाम।**

नोट:

- इस यात्रा से दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के साथ भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी बढ़ने की उम्मीद है।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- उप-राष्ट्रपति वियतनाम के उत्तरी हॉ नाम प्रांत स्थित ताम चुक पैगोडा में 16वें संयुक्त राष्ट्र वेसाक दिवस में भाग लेंगे।
- अपनी यात्रा के दौरान, श्री नायडू इस कार्यक्रम जिसका विषय "Buddhist Approach to Global Leadership and Shared Responsibilities for Sustainable Societies" है, के उद्घाटन सत्र को मुख्य भाषण से संबोधित करेंगे।

5. 2019 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का प्रमुख प्रायोजक कौन होगा____ **अमूल।**

नोट:

- अमूल का ब्रांड लोगो पूरे कार्यक्रम के दौरान अफगानिस्तान टीम की जर्सी के साथ-साथ प्रशिक्षण किट पर दिखाई देगा।
- पहली बार, अफगानिस्तान क्रिकेट टीम पूर्णकालिक सदस्य के रूप में विश्व कप में खेलेगी।
- आनंद मिल्क यूनियन लिमिटेड (Amul) एक भारतीय डेयरी कंपनी (वर्ष 1948 में स्थापित) है, जो गुजरात राज्य के आणंद में स्थित है।

6. भारत और चीन ने किसके निर्यात के लिए एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए____ **भारतीय मिर्च खली (chilli meal)।**

नोट:

- यह पिछले वर्ष के दौरान दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित चौथा प्रोटोकॉल है जो भारत से कृषि वस्तुओं के निर्यात की मंजूरी देता है।
- भारत और चीन ने अधिक संतुलित व्यापार को बढ़ावा देकर दोनों देशों के अग्रणी दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए बाजार पहुंच मुद्दों को शीघ्र हल करने पर सहमति व्यक्त की है।

7. **भारतीय वायु सेना** (IAF) को पहला **अपाचे हेलीकाप्टर AH-64E (I)** औपचारिक रूप से कहां पर स्थित बोइंग उत्पादन केंद्र में सौंपा गया ________ **मेसा, एरिज़ोना (अमेरिका)।**

नोट:

- हेलीकॉप्टरों का पहला जत्था इस वर्ष जुलाई तक भारत भेजा जाना है।
- हेलीकॉप्टर को IAF की भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया है और पहाड़ी इलाकों में इसकी महत्वपूर्ण समर्थता होगी।
- इसमें दूरवर्ती सीमाओं पर सटीक हमले करने और जमीन से खतरों के साथ दुश्मन के वायुक्षेत्र में परिचालन की क्षमता है।

8. नेपाल के रेल विभाग के साथ **दो 1600 HP डेमू ट्रेन सेट** की आपूर्ति के लिए समझौते पर किसने हस्ताक्षर किए ____ **कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड।**

नोट:

- इन ट्रेनों का उपयोग भारत में जयनगर और नेपाल में कुर्था के बीच रेल संपर्क (34 किलोमीटर) शुरू करने के लिए किया जाएगा।
- प्रत्येक ट्रेन सेट में एक ड्राइविंग पावर कार, एक वातानुकूलित सहित तीन ट्रेलर कार, मानक उपकरणों के साथ एक ड्राइविंग ट्रेलर कार शामिल होगी।
- जयनगर-कुर्था रेलवे लिंक भारत-नेपाल विकास साझेदारी कार्यक्रम के तहत भारत सरकार के वित्तीय अनुदान के साथ IRCON द्वारा बनाया गया है।
- ट्रेन सेट का निर्माण इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री, चेन्नई द्वारा किया जाएगा।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

9. नदीय भैंस (riverine buffaloes) की दुनिया की पहली पूर्ण उत्पादक जीनोम असेंबली किसने विकसित की है, जिसे **"NDDB_ABRO_Murrah"** नाम दिया गया___ **राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB)।**

नोट:

- यह INDUSCHIP की सफल शुरुआत के बाद हुआ है, जो स्वदेशी मवेशियों और उनके संकर के लिए विशिष्ट रूप से निर्मित एक जीनोटाइपिंग चिप है।
- भारत में दूध के कुल उत्पादन में भैंस का योगदान 50% से अधिक है जो दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है।
- जीनोम असेंबली के विकास से भैंसों की आनुवांशिकी में सुधार लाने और उनकी उत्पादकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

10. ओडिशा में अंतरिम परीक्षण रेंज से **हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट** (HEAT) **ABHYAS** का सफल परीक्षण किसने किया ___ **रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)।**

नोट:

- उड़ान परीक्षण पर विभिन्न रडारों और इलेक्ट्रो ऑप्टिक सिस्टम द्वारा नजर रखी गई और पूरी तरह से स्वायत्त तरीके से प्वाइंट नेविगेशन मोड में अपना लक्ष्य पूरा किया।
- ABHYAS की आकृति एक इन-लाइन छोटे गैस टरबाइन इंजन पर डिजाइन किया गया है और यह अपने नेविगेशन और मार्गदर्शन के लिए स्वदेश में विकसित MEMS- आधारित नेविगेशन प्रणाली का उपयोग करता है।
- सिस्टम का प्रदर्शन, सिमुलेशन के अनुसार किया गया था और लागत प्रभावी हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट के लिए मिशन की आवश्यकता को पूरा करने हेतु ABHYAS की क्षमता का प्रदर्शन किया गया।

11. **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन** (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. के शिवन ने बेंगलुरु में वीडियो मोड के माध्यम से किस युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया ___**युविका** 2019.

नोट:

- बेंगलुरु, तिरुवनंतपुरम, अहमदाबाद और शिलांग में चार इसरो केंद्रों में आयोजित दो सप्ताह के आवासीय ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्यक्रम में 110 छात्रों ने भाग लिया।
- उन्होंने यह बताया कि किस तरह से अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग आपदा स्थितियों के दौरान जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अलावा आम आदमी की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में मदद कर रहे हैं।
- इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में भारत के स्पेसपोर्ट का दौरा करेंगे।

12. भारत ने कहां पर स्थित डोर्नोगोबी प्रांत के सैशंड में पहली आधिकारिक रिफाइनरी स्थापित करने के लिए 1 बिलियन डॉलर की ऋण सीमा का विस्तार किया ___ **मंगोलिया।**

नोट:

- रिफाइनरी की क्षमता 1.5 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष होगी।
- इसे एक्जिम बैंक के निधिकरण के साथ लागू किया जाएगा।

13. विश्व की पहली एकमात्र महिला क्रिकेट पत्रिका जिसे भारतीय टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना की कवर स्टोरी के साथ विमोचित किया गया ___**क्रिकज़ोन।**

नोट:

- यह एक विशेष पत्रिका है, जो विशेष रूप से महिला क्रिकेट की दुनिया से अपडेट, लेख, समाचार, साक्षात्कार आदि प्रदान करती है।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- पत्रिका 'क्रिकज़ोन' के प्रकाशक यश लाहोटी है।

राज्य समाचार

1. **राज्य दुकान एवं प्रतिष्ठान** (रोजगार एवं सेवा शर्तों का नियमन) अधिनियम, 2019 पारित करने वाली राज्य सरकार___**गुजरात।**

नोट:

- इसने राज्य में दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और अन्य व्यवसाय 24X7 संचालित करने (1 मई, 2019 से) की अनुमति दी।
- इस अधिनियम ने गुजरात दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम, 1948 को प्रतिस्थापित किया, जिसने दुकानों और अन्य व्यवसायों को सुबह 12 बजे से 6 बजे तक संचालित करने से रोका था।
- कर्मचारियों को अतिरिक्त समय तक काम करने के लिए नियमित रूप से दोगुना वेतन मिलेगा, जो पहले के अधिनियम के तहत डेढ़ गुना प्रदान किया जाता था।
- महिला कर्मचारियों के लिए काम का समय केवल सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच हो सकता है (यदि सुरक्षा के मुद्दों पर विचार किया जाए तो)।

2. पहली बार जिला रिजर्व गार्ड में महिला कमांडो को अपने अग्रिम पंक्ति के नक्सल विरोधी दल में शामिल करने वाली राज्य पुलिस ___**छत्तीसगढ़ पुलिस।**

नोट:

- ये महिला कमांडो पिछले एक महीने में तीन नक्सल कमांडरों को मारने वाले सुरक्षा बलों की "शॉर्ट एक्शन टीम" का हिस्सा थीं।
- विशेष रूप से बनाए गए दस्ते, जिसका नाम 'दंतेश्वरी लड़ाके', या देवी दंतेश्वरी के योद्धा है, राज्य के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में तैनात किया गया था।

3. **केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड** (CBIC) ने विश्व सीमा शुल्क संगठन (WCO) के एशिया प्रशांत क्षेत्र के क्षेत्रीय सीमा शुल्क प्रशासन प्रमुखों की बैठक कहां आयोजित की ___**कोच्चि।**

नोट:

- भारत इस बैठक की मेजबानी एशिया प्रशांत क्षेत्र के उपाध्यक्ष के रूप में कर रहा है, भारत को 1 जुलाई, 2018 को दो वर्ष की अवधि के लिए यह पद प्रदान किया गया था।
- बैठक WCO के कार्यक्रमों और पहलों को आगे बढ़ाने में किए जा रहे कार्यों का जायजा लेगी।
- इस बैठक की अध्यक्षता CBIC के अध्यक्ष **श्री प्रणव कुमार दास** कर रहे हैं।

4. **सर्वोच्च न्यायालय** ने किस राज्य के लगभग चार लाख संविदा शिक्षकों को नियमित करने से इनकार कर दिया _____**बिहार।**

नोट:

- सर्वोच्च न्यायालय ने पटना उच्च न्यायालय के उस फैसले को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि वे समान कार्यों के लिए समान वेतन पाने के पात्र थे।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- न्यायमूर्ति अभय मनोहर सापरे और यू.यू. ललित की पीठ ने 31 अक्टूबर, 2017 के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली बिहार सरकार की याचिका को मंजूरी दी और अनुबंधित शिक्षकों के साथ नियमित शिक्षकों के समान व्यवहार करने से इनकार कर दिया।

5. अमेरिका नौसेना प्रमुख जिन्होंने भारत के नौसेनाध्यक्ष **एडमिरल सुनील लांबा** के साथ चर्चा की ____ एडमिरल **जॉन माइकल रिचर्डसन।**

नोट:

- श्री रिचर्डसन, जो भारत के आधिकारिक दौरे पर हैं, भारत और अमरीका के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक संबंधों को और मजबूत करने का इरादा रखते हैं और नौसेना सहयोग के लिए नए मार्ग भी तलाशेंगे।
- श्री रिचर्डसन ने रक्षा सचिव, थल सेनाध्यक्ष, वायु सेना प्रमुख और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के साथ भी बातचीत की।
- भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना नियमित रूप से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर बातचीत करते हैं।

6. केरल का सबसे भव्य महोत्सव जो ठेक्किन्कुद मैदान में शुरु हुआ _____ **त्रिशूर पूरम।**

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. **माइक्रोसॉफ्ट** ने देशों को सुरक्षित और सत्यापन योग्य मतदान सुनिश्चित करने में सहायता प्रदान करने के लिए कौन सा सॉफ्टवेयर लॉन्च किया ____**“इलेक्शन गार्ड”।**

नोट:

- "इलेक्शन गार्ड" टूल प्रारंभ से अंत तक चुनाव सत्यापन को सक्षम बनाएगा, सुरक्षित सत्यापन के लिए तृतीय पक्ष के संगठनों के लिए निर्बाध परिणाम देगा और व्यक्तिगत मतदाताओं को अपने मतों की सही ढंग से गणना करने की पुष्टि कराएगा।
- "इलेक्शन गार्ड" प्रत्येक मतदाता को एक विशिष्ट कोड के साथ एक ट्रैकर प्रदान करता है जिसका उपयोग चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए वेब पोर्टल द्वारा पूरी चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से वोट के एन्क्रिप्टेड वर्जन का पालन करने में किया जा सकता है।

2. न्यू मैक्सिको में **सेल्फ-प्रोटेक्ट हाई एनर्जी लेजर डिमॉन्स्ट्रेटर** (SHiELD) नामक एक लेजर हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किसने किया ____ **संयुक्त राज्य वायु सेना (USAF)।**

नोट:

- इसने उड़ान के दौरान हवा में लॉन्च की गई कई मिसाइलों को सफलतापूर्वक मार गिराया।
- SHiELD एक एडवांस्ड टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर (ATD) प्रोग्राम है जो उड़ान में कई मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम है।
- यह विमानों की रक्षा करने और लड़ाकू विमानों की सतह से हवा (SAM) और हवा से हवा (AAM) मारक मिसाइलों के हमले से रक्षा करने के लिए विमान पर लगाया जाएगा।

3. किस देश ने फर्जी खबरों का मुकाबला करने के लिए एक ऐसा कानून पारित किया है जो बड़ी तकनीकी कंपनियों, मीडिया और अधिकार समूहों की तीव्र आलोचना के बावजूद कंटेंट को हटाने की अनुमति देगा ____ **सिंगापुर।**

नोट:

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- नया कानून सरकार के अधिकारियों को गलत लगने वाले पोस्ट के बाद फेसबुक और ट्विटर जैसी सोशल मीडिया साइटों को चेतावनी देने और विषम परिस्थितियों में उन्हें हटाने का आदेश देने की शक्ति प्रदान करता है।
- यदि किसी कार्यवाही को दुर्भावनापूर्ण और सिंगापुर के हितों के लिए हानिकारक माना जाता है, तो कंपनियों पर 735,000 अमेरिकी डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, उस व्यक्ति को 10 वर्ष तक की जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है।
- इस कानून ने उन अधिकार समूहों में नाराजगी पैदा की है जिन्हें डर है कि वे ऑनलाइन चर्चा को रोक सकते हैं।

4. ऑस्ट्रेलियाई फ्लाइट कैरियर जिसने सिडनी से एडिलेड तक दुनिया की पहली 'जीरो वेस्ट (शून्य अपशिष्ट) वाणिज्यिक उड़ान संचालित की ___**'क्वांटास'**।

नोट:

- क्वांटास ने खाद, पुन: उपयोग या पुनर्चक्रण के माध्यम से पूरे कचरे का निपटान किया।
- ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइन क्वांटास ने वर्ष 2020 के अंत तक एकल-उपयोग वाली 100 मिलियन प्लास्टिक को खत्म करने और वर्ष 2021 के अंत तक एयरलाइन के कचरे को 75% तक कम करने की योजना बनाई है।

5. **'नासा'** ने किस वर्ष में एक अंतरिक्ष यान के साथ दोहरी क्षुद्रग्रह प्रणाली में एक छोटे क्षुद्रग्रह (चन्द्रमा) के लक्ष्य को नष्ट करने की अपनी योजना का खुलासा किया _____**वर्ष 2022.**

नोट:

- यह नासा का किसी ग्रह प्रतिरक्षा तकनीक को प्रदर्शित करने वाला पहला मिशन है।
- **डबल एस्टेरॉइड रीडायरेक्शन टेस्ट** (DART) को अपने लक्ष्य को नष्ट करने का एक अवसर मिलेगा।
- क्षुद्रग्रह, जिसे **डिडिमून या डिडिमोस B** कहा जाता है, एक चंद्रमा का क्षुद्रग्रह है जो लगभग 150 मीटर लंबा है और एक बड़े पिंड डिडमोस A की परिक्रमा कर रहा है।

6. **विश्व व्यापार संगठन** (WTO) के विकासशील देशों की मंत्री स्तरीय बैठक कहां हुई ____**नई दिल्ली।**

नोट:

- दो दिवसीय बैठक मंत्रियों को विभिन्न मुद्दों और विकास के तरीकों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी।
- बैठक में सोलह विकासशील देश और छह न्यूनतम विकसित देश (LDC) भाग ले रहे हैं।
- यह बैठक WTO को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों पर आम चिंताओं को साझा करने और मुद्दों पर बात करने हेतु एक साथ काम करने के लिए विकासशील और न्यूनतम विकसित देशों को एक मंच पर एक साथ लाने का एक प्रयास है।

7. **अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रबंधन** (FDA) ने डेंगू के किस पहले टीके को मंजूरी देने की घोषणा की _____ **डेंगवैक्सिया (Dengvaxia)।**

नोट:

- FDA ने इसके उपयोग पर महत्वपूर्ण प्रतिबंध भी लगाए हैं क्योंकि टीके से कुछ लोगों को खतरे में देखा गया है।
- डेंगवैक्सिया का उत्पादन फ्रांसीसी दवा कंपनी सैनोफी पाश्चर द्वारा किया गया है।
- फिलीपींस, जो वर्ष 2016 में इसे मंजूरी देने वाला पहला देश बना, सुरक्षा कारणों से इस वर्ष फरवरी में इसे प्रतिबंधित करने वाला पहला देश था।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

सम्मान एवं पुरस्कार

1. सिनेमा की दुनिया का अंतर्राष्ट्रीय समारोह **कांस फिल्म महोत्सव** (72वां संस्करण) कहां प्रारंभ हुआ ____**फ्रांस।**

नोट:

- अमेरिकी फिल्म निर्देशक जिम जरमुश्च की सामूहिक प्रभाव वाली जॉम्बी कॉमेडी फिल्म **'द डेड डोंट डाई'** को महोत्सव की शुरुआती फिल्म के रूप में दिखाया जाएगा।
- मैक्सिको के फिल्म निर्माता एलेजेंद्रो गोंजालेज इनारिटु निर्णायक समिति के अध्यक्ष होंगे।
- कांस में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमित खरे (भारत के सूचना एवं प्रसारण सचिव) कर रहे हैं।

खेल समाचार

1. हैदराबाद में **चेन्नई सुपर किंग्स** (CSK) को हराकर IPL चैंपियन 2019 कौन सी टीम बनी____ **मुंबई इंडियंस (MI)।**

नोट:

- मुंबई द्वारा दिए गए 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 148 रनों पर सिमट गई।
- पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 149 रन बनाए।
- तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा द्वारा शार्दुल ठाकुर को अंतिम गेंद पर आउट करते ही चेन्नई पर मुंबई की जीत दर्ज हो गई।

2. स्पेन के मैड्रिड स्थित पार्क मंज़ानारेस में **2019 मैड्रिड ओपन** का खिताब किसने जीता ___ **नोवाक जोकोविच।**

नोट:

- उन्होंने सितसिपास (ग्रीस) को फाइनल में 6-3, 6-4 से हराया।
- जोकोविच ने नडाल के 33 मास्टर्स 1000 एकल खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी की।
- डच खिलाड़ी **किकी बर्टेंस** ने दो बार की मैड्रिड ओपन चैंपियन सिमोना हालेप (रोमानिया) को 6-4, 6-4 से हराकर महिलाओं का खिताब अपने नाम किया।

3. महिला एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ODI) के इतिहास में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पाकिस्तान की ऑफ स्पिनर __ **सना मीर।**

नोट:

- उन्होंने अपने 118वें मैच में 147वां एकदिवसीय विकेट लिया।
- वर्तमान में, मीर ICC की ODI गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जिसमें भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी (218) शीर्ष पर हैं।

4. भारतीय रेसर जिन्होंने **FIA फॉर्मूला 3 चैंपियनशिप** का पहला राउंड जीता, जो बार्सिलोना में फॉर्मूला वन आधारित प्रतियोगिताओं में से एक है ___ **जेहान दारूवाला।**

नोट:

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- सभी नई FIA F3 चैंपियनशिप को पहले की GP3 चैंपियनशिप और FIA F3 यूरोपीय चैंपियनशिप का विलय करके शुरू किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी 30 कार ग्रिड शुरू हुई थी।
- जेहान न्यूज़ीलैंड ग्रैंड प्री जीतकर ग्रैंड प्रिक्स जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं और बाद में FIA F3 यूरोपीय चैंपियनशिप में रेस जीतने वाले एकमात्र भारतीय बने, जिसमें धीमी कारों का इस्तेमाल किया जाता था।

5. 2018-19 का सत्र जीतने के बाद अपना चौथा **प्रीमियर लीग खिताब** (फुटबॉल) किसने जीता___ **मैनचेस्टर सिटी।**

नोट:

- मैनचेस्टर सिटी ने 98 अंक हासिल करते हुए ब्राइटन के खिलाफ 4-1 की जीत दर्ज की, जबकि लिवरपूल, जो खिताब की दौड़ में थे, 97 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।
- प्रभावशाली मैनचेस्टर सिटी ने 2018-19 के अभियान के अंतिम दिन अपने प्रीमियर लीग खिताब को सफलतापूर्वक बरकरार रखा।

6. भारतीय कप्तान जिन्होंने CEAT क्रिकेट रेटिंग (CCR) इंटरनेशनल अवार्ड 2019 के दौरान **अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाज** और **क्रिकेटर ऑफ द ईयर** का पुरस्कार जीता ______ **विराट कोहली।**

नोट:

- तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंटरनेशनल बॉलर ऑफ द ईयर चुना गया।
- T-20 में असाधारण प्रदर्शन के लिए अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान को उत्कृष्ट गेंदबाजी और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एरोन फिंच को बल्लेबाजी के लिए सम्मानित किया गया।
- युवा खिलाड़ी याशस्वी जायसवाल को जूनियर क्रिकेटर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया, जबकि चाइनामैन कुलदीप यादव ने घर में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार अपने नाम किया।
- आशुतोष अमन को डोमेस्टिक क्रिकेटर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया।
- भारत की वर्ष 1983 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाले मोहिंदर अमरनाथ को 'CCR इंटरनेशनल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

IPL 2019 में पुरस्कारों की पूरी सूची:

क्रमांक	पुरस्कार	विजेता (टीम)
1.	मैन ऑफ द मैच (फाइनल)	जसप्रीत बुमराह (MI)
2.	ऑरेंज कैप (सर्वाधिक रन)	डेविड वार्नर (SH) 692 रन
3.	पर्पल कैप (सर्वाधिक विकेट)	इमरान ताहिर (CSK)- 26 विकेट
4.	इमर्जिंग प्लेयर (इंटरनेशनल क्रिकेट फ्यूचर स्टार)	शुभमन गिल (KKR)
5.	स्टाइलिश प्लेयर	के.एल. राहुल (KXIP)
6.	पर्फेक्ट कैच	कीरोन पोलार्ड (MI)

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

7.	सुपर स्ट्राइकर	आंद्रे रसेल (KKR)
8.	मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (पूरे सीजन में सर्वाधिक अंक)	आंद्रे रसेल (KKR)
9.	फेयर प्ले अवॉर्ड (पूरे सीजन में बेस्ट स्प्रिट ऑफ द गेम)	सनराइजर्स हैदराबाद
10.	गेमचेंजर ऑफ द मैच	राहुल चाहर (मुंबई इंडियंस)

--------------0--------------

BANK 2019 PLUS PACK
ATTEMPT NOW

बैंक 2019 प्लस पैक

1. 400+ टेस्ट नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
2. हिंदी तथा इंग्लिश में उपलब्ध
3. ऑल इंडिया रैंक और प्रदर्शन विश्लेषण
4. समाधान की विस्तृत विवरण
5. टॉपिक टेस्ट & विडियो कोर्स
6. वेब और मोबाइल पर उपलब्ध

gradeup